प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 30.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-चरस के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार थाना पाकबड़ा-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-30.06.2024 को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा अभियुक्त 1-रेहान पुत्र इरफान निवासी महलकपुर माफी थाना पाकबडा मुरादाबाद को 01 किलो 80 ग्राम चरस 2- शोएब पुत्र शकील निवासी जामा मस्जिद के पास ईदगाह को जाने वाले रास्ते पर कस्बा व थाना पाकबडा मुरादाबाद को 1200 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0- 236,237/2024 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किये गये है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1-रेहान पुत्र इरफान निवासी महलकपुर माफी थाना पाकबडा मुरादाबाद

2-शोएब पुत्र शकील निवासी जामा मस्जिद के पास कस्बा व थाना पाकबडा मुरादाबाद

बरामदगीः-

अभियुक्त रेहान के पास से 1080 ग्राम चरस

अभियुक्त शोएब के पास से 1200 ग्राम चरस

गिरफ्तार करने वाली टीमः

1-उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार, हे0का0 राजीव कुमार व का0 मोहित कुमार

2-उ0नि0 लोकेश कुमार, का0 रोहित कुमार व का0 शिव दत्त व का0 अनिल कुमार

2-अवैध चाकू के साथ 01 गिरफ्तार थाना बिलारी-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.06.2024 को उ0नि0 सुनव्वर अली थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त सज्जाद पुत्र जाहिद निवासी मौहल्ला ठाकुरान कस्बा व थाना बिलारी मुरादाबाद को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिलारी पर मु0अ0सं0 387/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3-छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 30.06.2024 को वादिनी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण (ससुरालीजन) द्वारा वादिनी को प्रताड़ित कर छेड़छाड़ आदि के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-191/2024 धारा-498ए/354/376/323/504 भादवि पंजीकृत कराया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक-30.06.2024 को उ0नि0 श्री राजकिशोर थाना भोजपुर थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त असलम पुत्र बुन्दु निवासी ग्राम-काजीपुरा थाना-डिलारी, जिला-मुरादाबाद को अन्तर्गत धारा 354 भादवि गिरफ्तार किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4-नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार थाना कटघर-

अवगत कराना है कि दिनाकं 04.06.2024 को वादी निवासी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0 280/2024 धारा 363 भादवि पंजीकृत किया गया है। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.06.2024 को उ0नि0 श्री हरेन्द्र सिंह थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त सोनू पुत्र पप्पू निवासी सूरजनगर गुलाबबाड़ी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

5-शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 28.06.2024 को वादिनी निवासी थाना भगतपुर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी की झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा धमकी देने के सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0-172/2024 धारा 376/506 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.06.2024 को निरीक्षक अपराध श्री अश्वनी कुमार थाना भगतपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त नसीम पुत्र नवाव अली निवासी ग्राम धर्मपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

6-जनपदीय पुलिस द्वारा, शान्ति भंग करने में 06 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30.06.2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के आरोप में 06 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना पाकबड़ा पुलिस द्वाराः

आजम पुत्र असलम निवासी मौ0 कैलसा रोड नई बस्ती कस्बा व थाना पाकबड़ा, जिला मुरादाबाद

थाना कटघर पुलिस द्वारा

1-प्रेम पुत्र स्व0 नत्थू सिंह निवासी इन्द्रा कालोनी शिव मन्दिर के पास थाना कटघर मुरादाबाद,
2-नरेश पुत्र रामभरोसे निवासी हड्डीमील दससराय थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3-राज कुमार पुत्र रामचन्द्र सैनी निवासी सीतापुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
4-आसिफ पुत्र कल्लू ठेकेदार निवासी बरबाला मजरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
5-मौ0 तौसिफ पुत्र मौ0 यामीन निवासी असालतपुर बढ़ी मस्जिद गुलशन नगर थाना गलशहीद मुरादाबाद